## न्यूज डायरी



### हॉन्ग कॉन्ग ने चीन से आने वाले लोगों को अलग केंद्रों में रखना शुरू किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। हॉन्ग कॉन्ग ने चीन से आने वाले किसी भी व्यक्ति को शनिवार से दो सप्ताह के लिए अनिवार्य रूप से अलग केंद्र में रखना शुरू कर दिया है। सीमा पार से आने वाले लोगों के बड़ी संख्या में खुद ही अलग केंद्र में जाने की संभावना है और अधिकारी उनकी जांच करेंगे। जो भी पृथक अवधि का उल्लंघन करता पाया जाएगा उसे छह महीने तक की जेल हो सकती है।
हाल के सप्ताह में चीन से आने वाले लोगों की संख्या 75 फीसदी तक कम हो गई है। लेकिन अलग किए जाने के नये नियमों के लागू होने से पहले हजारों यहां आने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी शेनझेन में जुटे रहे। हांगकांग निवासियों को खुद को घर में अलग रखने तथा चीन और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को होटलों या अन्य स्थानों पर खुद को अलग रखने की अनुमति है। हांगकांग में 26 लोगों के करॉना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई जिनमें से एक मरीज की इस सप्ताह की शुरुआत में मौत हो गई।

### चीन में करॉना वायरस से जंग के लिए मरीजों को दिया जा रहा कछुए का मांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। चीन में करॉना वायरस से जंग के लिए मरीजों को दिया जा रहा कछुए का मांसचीन में महामारी का रूप ले चुके करॉना वायरस से मरने वालों की संख्ख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है।
बहुत तेजी से फैल रहे करॉना वायरस के प्रकोप के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 722 हो गई है, जबकि कुल 34,546 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इस बीच करॉना के जानलेवा वायरस के गढ़ वुहान में मरीजों को इससे लड़ने के लिए खाने में कछुए का मांस दिया जा रहा है। वुहान के अस्पतालों के इस फैसले पर विशेषज्ञ गंभीर सवाल उठा रहे हैं क्ध्योंकि माना जाता है कि चमगादड़ का सूप पीने से करॉना का वायरस इंसानों में पहुंचा। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान के अस्पतालों में अलग–थलग रखे गए मरीजों को कछुए का मांस रात के खाने में परोसा जा रहा है।

### चीन करॉना वायरस से अच्छी तरह निपट रहा हैः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने घातक करॉना वायरस से निपटने के चीन के प्रयासों की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका इसमें चीन की मदद कर रहा है। ट्रंप ने शुक्रवार को वाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, श्चीन बहुत मेहनत कर रहा है। कल देर रात, मेरी राष्ट्रपति शी (चिनफिंग) से बहुत काफी बातचीत हुई और हमारी ज्यादातर बातचीत करॉना वायरस पर हुई।श उन्होंने कहा, श्मुझे लगता है कि वे बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को घोषणा की कि करॉना वायरस के कारण चीन में अभी भी मौतें हो रही हैं। शुक्रवार तक 722 लोगों की मौत हुई है और 34, 546 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ट्रंप ने कहा कि चीन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ–साथ सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के संपर्क में भी है। उन्होंने कहा, श्हम साथ काम कर रहे हैं। पिछली रात मेरी राष्ट्रपति शी से काफी बातचीत हुई।

### ली वेनियांग जिनके निधन से चीन समेत पूरी दुनिया में पसर गया मातम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में करॉना वायरस फैलने की सबसे पहले चेतावनी देनेवाले डॉक्टरों में एक डॉक्टर ली वेनलियांग का शुक्रवार को निधन हो गया। 34 वर्षीय वेनलियांग खुद वायरस की चपेट में आ गए थे। उनके निधन से चीन ही नहीं पूरी दुनिया में दुख और पीड़ा है। लोग सोशल मीडिया पर अपनी इस पीड़ा को बयां कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चीन की सरकार और अथॉरिटीज के प्रति गुस्से का इजहार भी किया जा रहा है। ली वेनलियांग कोई सामान्य डॉक्टर नहीं थे। उन्होंने दिसंबर महीने में करॉना वायरस के फैलने की बात उजागर की थी। 31 दिसंबर को वीचौट पर उन्होंने चीन के लोगों को चेतावनी दी थी कि देश में वायरस फैल रहा है। वायरस के फैलने की बात कर वह मुश्किल में आ गए।

# करॉना वायरस के खिलाफ चीन के जंग की खुली पोल

**कोरोना वायरस**

## हजामत सूट पहने लोग कराना के संदिग्ध मरीज को जबरन उसके घर से घसीट ले गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वुहान। महामारी का रूप लेते जा रहे करॉना वायरस के खिलाफ चीन के उपप्रधानमंत्री सुन चुनलान के पीपल्ध्स वॉर के आह्वान के बीच सोशल मीडिया पर वुहान का एक स्तब्ध करने वाला विडियो वायरल हो गया है। इस विडियो में हजामत सूट पहने लोग करॉना के संदिग्ध मरीज को जबरन उसके घर से घसीटते हुए ले जा रहे हैं। हजामत सूट पहने दोनों लोग करॉना के संदिग्ध्ध मरीज को अपने हाथों में पकड़कर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। विडियो ऐसे समय पर वायरल हुआ है जब चीन के उप प्रधानमंत्री सुन चुनलान ने तेजी से फैलती इस महामारी के खिलाफ पीपल्स वॉर का ऐलान किया है।

बता दें कि इस वायरस की चपेट में आने से अब तक 700 से ज्ध्यादा लोगों की मौत हो गई है और विश्वभर में 34500 लोग संक्रमित हो गए हैं। विडियो में नजर आ रहा है कि मास्ध्क पहने लोग उस घर से



एक–एक करके तीन लोगों को लेकर जाते हैं।

इस दौरान एक व्यक्ति जाने से इनकार कर देता है और दरवाजे पर लेट जाता है। इसके बाद हजामत सूट पहने तीन लोग उसे उठा लेते हैं और घसीटते हुए ले जाते हैं। बता दें कि चीन में महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर शुक्रवार को 722 हो गई और कुल 34,546 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

**चीन में शुक्रवार को 86 लोगों की मौतः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि चीन में इस विषाणु के कारण शुक्रवार को 86 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 81 लोगों की मौत हुबेई प्रांत और उसकी प्रांतीय राजधानी वुहान में हुई। इसके अलावा हीलॉन्गजियांग में दो, बीजिंग, हेनान और गांन्सु में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई। आयोग ने बताया कि शुक्रवार को 26 लोगों के इस विषाणु से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। मकाउ में 10 और ताइवान में 16 मामले दर्ज किए गए। आयोग ने बताया कि शुक्रवार को कुल 4,214 संदिग्ध मामले सामने आए और 1,280 मरीज गंभीर रूप से बीमार हो गए तथा 510 मरीजों को स्वास्थ्य में सुधार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उसने बताया कि कुल 6,101 मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है और 27,657 लोगों के संक्रमित होने की आशंका है। 2,050 लोगों को स्वास्थ्य में सुधार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चीन के अलावा भारत समेत 27 से अधिक देशों में कोरोना वायरस के मामले सामने आ चुके हैं।

**कोरोना वायरसः चीन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 723 हुईः** चीन में महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस से एक अमेरिकी महिला और एक जापानी पुरुष की मौत होने के साथ ही देश में इस संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 723 हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कुल 34,598 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

## पाक की अदालत ने हाफिज सईद के खिलाफ फैसला टाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लाहौर। पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने आतंकवाद के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के दो मामलों में मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के खिलाफ अपने फैसले को शनिवार को टाल दिया। अदालत ने सईद के "अनुरोध" पर ऐसा किया और मामले की सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) लाहौर के न्यायाधीश अरशद हुसैन भुट्टा ने आतंकवाद के लिए धन मुहैया कराने के दो मामलों में जमात उद दावा के प्रमुख के खिलाफ फैसले को पिछले हफ्ते शनिवार के लिए सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई–भाषा को बताया, "एटीसी न्यायाधीश ने हाफिज सईद के आवेदन पर गौर किया जिसमें उसने अपने खिलाफ आतंकवाद के लिए धन मुहैया कराने के सभी मामलों को मिलाने और मुकदमा पूरा होने के बाद फैसला सुनाने की अपील की थी।"

अधिकारी ने बताया कि उप अभियोजक ने सईद की याचिका का विरोध किया और तर्क दिया कि उसके खिलाफ दो मामलों में मुकदमा पहले ही पूरा हो चुका है और अदालत कानून के तहत फैसला सुना सकती है। सईद को कड़ी सुरक्षा के बीच एटीसी के समक्ष पेश किया गया।



## जापान में किया जा रहा सेक्स डol का अंतिम संस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। आपको सुनने में यह वाकई अजीब लगे लेकिन यह सच है कि जापान में एक कंपनी सेक्स डॉल्स का अंतिम संस्कार कर रही है। जापान में एक कंपनी ने अनचाही (इस्तेमाल हो चुकीं) सेक्स डॉल का अंतिम संस्कार करने का जिम्मा उठाया है। इसके लिए कंपनी 630 पाउंड तक चार्ज कर रही है। एक मशीन में लाइफ–साइज खिलौनों को डालने और नष्ट करने से पहले एक पोर्न स्टार बाकायदा इनके लिए प्रार्थना भी करती है। जो लोग अपने सेक्स टॉयज को मशीन में नहीं मारना चाहते वे ज्यादा पैसे चुकाकर महंगे अंतिम संस्कार का विकल्प चुन सकते हैं।

## अमेरिकी कांग्रेस में पहुंचने की दौड़ में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में इवी लीग स्कूलों में दाखिले में कथित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाली भारतीय मूल की अमेरिकी महिला ने घोषणा की है कि वह प्रतिनिधि सभा के चुनाव में उतरेगी क्योंकि वह अमेरिका में खासकर हिंदुओं के लिए शोर नहीं बल्कि आवाजश बनना चाहती है।

आंध्रप्रदेश में पैदा हुई मंगा अनंतमूला नामक यह महिला रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रबंधन में संघ सरकार के ठेकेदार के तौर पर काम करती हैं। माना जा रहा है वह पहले ही वर्जीनिया के ग्यारहवें कांग्रेस जिले से रिपब्लिकन



उम्मीदवार बन गई हैं और यदि ऐसा है तो वह वहां से प्रतिनिधि सभा के लिए भारतीय मूल की पहली उम्मीदवार होंगी। डेमोक्रेटिक गढ़ समझे जाने वाले ग्यारहवें कांग्रेस जिले में वॉशिंगटन डीसी के बाहरी प्रभावशाली फेयरफैक्स काउंटी का ज्यादातर हिस्सा आता है और वहां करीब 17 फीसद एशियाई जनसंख्या है जिनमें सात फीसदी भारतीय मूल के अमेरिकी हैं।

वैसे तो भारतीय मूल के अमेरिकियों समेत एशियाई अमेरिकी आम तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करते हैं लेकिन अनंतमूला को उम्मीद है कि नवंबर में कांग्रेस के चुनाव में वह छह बार से चुने जा रहे गेरी कोनोली को हराकर हवा का रूख अपने पक्ष में कर लेंगी।

26 जनवरी को नामांकन दाखिल करने वाली अनंतमूला ने कहा, श्इस बार बड़ी संख्या में डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सफल नीतियों के कारण रिपब्लिकन पार्टी की ओर रुख कर रहे हैं।

## करॉना वायरसः वुहान में अमेरिकी नागरिक की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में महामारी का रूप ले चुके करॉना वायरस संक्रमण के कारण एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई। ऐसा प्रतीत होता है कि इस संक्रमण के कारण चीन में किसी विदेशी नागरिक की मौत का पहला मामला है। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, श्हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि करॉना वायरस से संक्रमित 60 वर्षीय अमेरिकी नागरिक की चीन में वुहान के एक अस्पताल में छह फरवरी को मौत हो गई। प्रवक्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मारा गया व्यक्ति पुरुष था या महिला। उन्होंने कहा, श्हम मृतक के परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की निजता का सम्मान करते हुए इस बारे में और कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार चीन में इस विषाणु के संक्रमण के कारण अब तक कम से कम 722 लोगों की मौत हो चुकी है और 34,000 से अधिक लोग इससे संक्रमित पाए गए हैं। इस संक्रमण के कारण चीन के बाहर भी दो लोगों की मौत हुई है। इनमें फिलीपींस में वुहान का एक नागरिक भी शामिल है।